CLASS NOTES-ANSWERS

पाठ ज्ञान

1) नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दो।

मौखिक

(क) ऊँट की पीठ पर क्या था**?**

उत्तर: ऊँट की पीठ पर कूबड़ था।

(ख) बंदर और खरगोश किसके पास आए**?**

उत्तर: बंदर और खरगोश ऊँट के पास आ।

(ग)ऊँट अपने मित्रों के साथ क्यों नहीं खेलना चाहता था**?**

उत्तर: ऊँट अपने मित्रों के साथ इसलिए नहीं खेलना चाहता था क्योंकि वह सब उसके लंबे पैर और लंबी गर्दन और कूबड़ को देखकर हँसी उड़ाते थे।

लिखित

(क) ऊँट के पैर और गर्दन कैसे थे?

उत्तर: ऊँट की गर्दन और पैर लंबे थे।

(ख) ऊँट के मित्र उसकी हँसी क्यों उड़ाते थे?

उत्तर: ऊँट के मित्र उसकी हँसी उड़ाते थे क्योंकि उसके पैर और गर्दन लंबे थे और पीठ पर कूबड़ है।

(ग)ऊँट के कूबड़ को भोजन का भंडार क्यों कहा गया है?

उत्तर: ऊँट के कूबड़ को भोजन का भंडार इसलिए कहा जाता है क्योंकि रेगिस्तान में जब खाना पानी बहुत दिनों तक नहीं मिलता तब इसके सहारे ही ताकत पाते।

(घ)रेगिस्तान का जहाज किसे कहा जाता है और क्यों ?

उत्तर: रेगिस्तान का जहाज ऊँट को कहा जाता है क्यूँकि वह वहाँ तेजी से चल सकता है और रेत में उसके गद्देदार पैर धँस नहीं पाते।

2) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरी करो।

(क) ऊँट की गर्दन लंबी होती है।

(ख) ऊँट को रेगिस्तान का जहाज कहा जाता है।

(ग) ऊँट की पीठ पर कूबड़ होता है।

(घ) ऊँट के पैर लंबे होते हैं।

भाषा ज्ञान

(क) पढ़ो और समझो

नीचे दिए गए शब्द को सही स्थान पर लिखो।

पुर्लिंग - बेटा, नाना, चाचा, मामा, फूफा

स्त्रीलिंग - बेटी, नानी, चाची, मामी, बुआ

(ख) विलोम शब्द चुनकर लिखो।

बुरा	x	अच्छा	बहुत	x	कम
बाहर	x	अंदर	प्रसन्न	x	अप्रसन्न
दिन	x	रात			

(ग) पाठ से आगे

इस पाठ से क्या शिक्षा मिलती है?

उत्तर: इस पाठ से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हर किसी में कोई ना कोई गुण अवश्य होता है, इसलिए हमें किसी की कमियों पर हँसना नहीं चाहिए।